डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

विश्व विज्ञान दिवस 2022

''किसी भी देश को आगे बढ़ाने के लिए सबसे ज़्यादा योगदान विज्ञान का होता है।''

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई के तत्त्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह 10 नवंबर 2022 को शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस मनाया गया। इस वर्ष विश्व विज्ञान दिवस का विषय था – 'सतत विकास के लिए बुनियादी विज्ञान'। समारोह की शुरुआत गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ हुई।

विज्ञान में सामान्य एवं दिलचस्प विषयों पर सूचनाप्रद प्रयोगों के साथ प्रश्नोत्तरी हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । सातवीं कक्षा के छात्र–छात्राओं द्वारा 'रेड्यूस, रीयूस व रीसाइकल' तत्त्व के आधार पर अपशिष्ट पदार्थों से बने शानदार कामकाजी मॉडल प्रस्तुत किए गए जो सराहनीय थे । आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 'जब वे मिलते हैं' नामक कार्यक्रम के द्वारा प्रसिद्ध वैज्ञानिकों को हमारी आँखों के सामने ला दिया और उनकी उपलब्धियों एवं समाज के लिए उनके योगदानों पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की जो ज्ञानवर्धक थी।

तत्पश्चात नवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हमारी परंपराओं, मिथकों एवं कथनों और उनके पीछे छिपे विज्ञान के रहस्यों को प्रमाण के साथ स्पष्ट किया । कार्यक्रम की अगली कड़ी में 'बुनियादी विज्ञान पर हमारी निर्भरता – वरदान या अभिशाप' शीर्षक पर कई प्रयोगों का संचालन एवं व्याख्या करते हुए दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । सभी कार्यक्रम नवीन, जीवंत एवं शिक्षाप्रद थे । धन्यवाद ज्ञापन एवं शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

विश्व विज्ञान दिवस 2022

दिलचस्प विषयों पर प्रश्नोत्तरी



अपशिष्ट पदार्थों से बने शानदार मॉडलों की प्रस्तुति

समाज के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिकों का योगदान

परंपराओं एवं मिथकों के पीछे छिपे विज्ञान के रहस्यों का स्पष्टीकरण